प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 26.02.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

## मुख्य समाचारः–

1– निर्वाचन आयोग ने आज छत्तीसगढ़ की दो सीटों सहित दस राज्यों की सैंतीस राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी की।

2– राज्य विधानसभा में आज मुख्य रूप से जेल में हुई मौतों और धान खरीदी के मुद्दे गूंजे।

3– बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक महिला सहित दो माओवादी मारे गए।

**और**

4– रायगढ़ जिले में एक मालवाहक वाहन के पलटने से चार लोगों की मौत–पच्चीस अन्य घायल।

............

## राज्यसभा चुनाव–अधिसूचना

निर्वाचन आयोग ने आज छत्तीसगढ़ की दो सीटों सहित दस राज्यों की सैंतीस राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। नामांकन आज से पांच मार्च तक दाखिल किए जा सकते हैं। मतदान अगले महीने की सोलह तारीख को होगा।

**विधानसभा सत्र–01**

राज्य विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन आज सदन में प्रदेश की केंद्रीय और जिला जेलों में बीते एक साल के दौरान न्यायिक अभिरक्षा में हुई बंदियों की मौत का मामला गूंजा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रश्नकाल में यह मामला उठाया।

जवाब में उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि जनवरी दो हजार पच्चीस से इकतीस जनवरी दो हजार छब्बीस तक कुल छियासठ बंदियों की न्यायिक अभिरक्षा में मौत हुई है। उन्होंने बताया कि छियासठ में से अट्ठारह प्रकरणों में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप न्यायिक जांच पूरी हो चुकी है, जबकि अड़तालीस मामलों में जांच की प्रक्रिया अभी जारी है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक आदिवासी नेता जीवन ठाकुर की मौत को हत्या करार देते हुए मामले की जांच विधानसभा की समिति से कराने की मांग की। उन्होंने जेल में जीवन ठाकुर को पर्याप्त उपचार न दिए जाने का आरोप लगाया। इस पर गृहमंत्री ने इन आरोपों को खारिज करते हुए बताया कि जेल अस्पताल की रिपोर्ट के अनुसार वे शुगर के मरीज होने के बावजूद

आवश्यक परहेज नहीं करते थे। गृहमंत्री ने कहा कि जब किसी मामले में पहले से मजिस्ट्रेट जांच चल रही हो, तो समानांतर जांच का औचित्य नहीं है।

गृहमंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

**विधानसभा सत्र–02**

वहीं, विधानसभा के शून्यकाल में विपक्षी सदस्यों ने धान खरीदी का मुद्दा उठाया। नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने इस संबंध में सरकार की नीति को नाकाम बताते हुए इस मुद्दे पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव दिया।

इससे पहले, नेता–प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत ने सदन में चर्चा के दौरान कहा कि धान खरीदी के मामले में सरकार की नीति असफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों का पूरा धान नहीं खरीदा गया और किसानों को टोकन के नाम पर परेशान किया गया।

वहीं, कांग्रेस सदस्य उमेश पटेल ने किसानों का कर्ज माफ करने की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार की मंशा धान और किसान पर चर्चा नहीं कराने की है। उन्होंने इसे गम्भीर मामला बताते हुए इस पर चर्चा कराने की मांग की।

सभापति ने विपक्ष के स्थगन को अग्राह्य कर दिया। इसके बाद विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए गर्भगृह में पहुंच गए। विधानसभा के नियमानुसार गर्भगृह पहुंचने वाले सभी सदस्य स्वमेव निलंबित हो गए।

## विधानसभा सत्र–03

वहीं, सदन में आज भाजपा विधायक सुनील सोनी ने ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से स्कूलों, धार्मिक मार्गों और व्यस्त सड़कों के पास शराब की दुकानों और अहातों के आवंटन का मुद्दा उठाया। उन्होंने राज्य सरकार से घनी आबादी वाले इलाकों में चल रही शराब की दुकानों को स्थानांतरित करने की मांग की। जवाब में आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि शराब की दुकानें और अहाते आबकारी नियमों के अनुसार चलाए जा रहे हैं।

सदन में आज विभिन्न विभागों के बजट अनुमानों पर चर्चा शुरू हो गई है। चर्चा की शुरूआत कांग्रेस विधायक अनिला भेंडिया ने की।

## विधानसभा सत्र–04

विधानसभा में आज माओवादियों के आत्मसमर्पण और पुनर्वास का मामला भी गूंजा। कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने गृह मंत्री विजय शर्मा से सवाल किया कि नक्सल पुनर्वास नीति क्या है ? वर्ष दो हजार तेईस से लेकर अब तक कितने माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है और इनामी माओवादियों में से किसे कितनी राशि दी गई है। अपने जवाब में गृह मंत्री विजय शर्मा ने बताया कि नौ फरवरी तक एक हजार चार सौ छियानवे इनामी माओवादियों सहित कुल दो हजार नौ सौ सैंतीस माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि पुनर्वास नीति के तहत अब तक प्रारंभिक राशि के तौर पर माओवादियों को पांच करोड़ चौंसठ लाख रुपए दिए गए हैं। इसके अलावा उन्हें

इनाम की उनचास करोड़ चौंतीस लाख रुपए की राशि दिया जाना बाकी है। गृहमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को जो राशि दे रही है उसे वे तीन साल बाद बैंक से निकाल सकते हैं।

**प्रधानमंत्री–इंस्टाग्राम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंस्टाग्राम पर दस करोड़ फॉलोअर्स का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही वे इस मंच पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले वैश्विक राजनेता बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी दो हजार चौदह में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चार करोड़ बत्तीस लाख फॉलोअर्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

**माओवादी–मुठभेड़**

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक महिला सहित दो माओवादी मारे गए। घटनास्थल से मारे गए माओवादियों के शवों के अलावा एक एसएलआर रायफल, एक इंसास, बारह बोर की बंदूक और दो हैंड ग्रेनेड सहित अन्य हथियार और गोला–बारूद बरामद किए गए हैं।

जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेंद्र यादव ने बताया कि बीजापुर के इंद्रावती नदी क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान शुरू किया था।

वहीं, नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन के दौरान माओवादियों द्वारा भारी मात्रा में डंप किए गए हथियार के साथ ही दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की है। जिले के पुलिस अधीक्षक रॉबिंसन गुड़िया ने बताया कि ग्राम कुमुराडी से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, आधुनिक हथियार तथा दैनिक उपयोग की वस्तुएं मिली है। इनमें एक रॉकेट लांचर, तेरह रॉकेट लांचर सेल, उन्नीस मोर्टार सेल, एक बीजीएल लांचर तथा विस्फोटक सामग्री शामिल हैं।

इस बीच, दंतेवाड़ा जिले के तुलार क्षेत्र के जंगलों से सुरक्षा बलों ने पांच–पांच किलो के दो आईईडी बरामद किए हैं।

## हाईकोर्ट–स्कूल प्रवेश

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने कहा है कि बिना अनुमति स्कूल प्रांगण में प्रवेश करना भारतीय दंड संहिता के तहत अपराध माना जाए। इस फैसले के साथ ही उच्च न्यायालय ने स्कूल प्रांगण में प्रवेश संबंधी लगाई गई याचिका को खारिज कर दिया।

गौरतलब है कि याचिकाकर्ता विकास तिवारी ने कथिततौर पर अपने साथियों के साथ एक निजी स्कूल में घुसकर दुर्व्यवहार किया था, जिसके खिलाफ स्कूल प्रबंधन ने शिकायत दर्ज कराई थी।

## दुर्घटना

रायगढ़ जिले में एक मालवाहक वाहन के पलटने से चार लोगों की मृत्यु हो गई है और पच्चीस अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना कल रात कापू–खम्हार मार्ग पर उस समय हुई, जब सभी लोग एक पारिवारिक कार्यक्रम से लौट रहे थे।

वापसी के दौरान तेज रफ्तार मालवाहक अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य ने आज रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

## मुख्यमंत्री–कपिल देव मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज नया रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने, आधुनिक खेल अधोसंरचना के विकास, अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण केंद्र तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार करने जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

## एसीबी–गिरफ्तारी

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की बिलासपुर जिले के बिल्हा में स्थित शाखा में पदस्थ एक कैशियर को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने दो करोड़ रूपए की राशि गबन करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

स्टेट बैंक द्वारा इस संबंध में विभागीय स्तर पर भी जांच की गई थी, जिसमें इस गबन तथा आर्थिक अनियमितता के लिए महिला कैशियर और एक अन्य व्यक्ति को दोषी पाया गया था। एसीबी की टीम ने आज इस महिला कैशियर को बैंक से गिरफ्तार कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

– राज्य सरकार ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी गणेश शंकर मिश्रा को राज्य नीति आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

– राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने आज "वीर सावरकर" की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

– राजधानी रायपुर के व्यस्त मार्गों जैसे – जयस्तंभ चौक, शास्त्री चौक, मालवीय रोड, सदर बाजार रोड, एमजी रोड आदि में अगले दो महीनों तक सुबह नौ बजे से रात्रि नौ बजे तक किसी भी प्रकार की रैली, शोभा यात्रा, जुलूस निकालने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

और

– कांकेर जिले के अंतागढ़ में आयोजित श्रमिक सम्मेलन में सांसद भोजराज नाग शामिल हुए। इस अवसर पर श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को डी.बी.टी. के माध्यम लगभग दो करोड़ उनतीस लाख रूपए की राशि हस्तांतरित की।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>